## विचारणीय-विषय
## राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला हेतु वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**पद संबंधी बातें:**

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य (एमएच) प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सहायता की जा रही पांच राष्ट्रीय "दक्ष" कौशल प्रयोगशाला हेतु समग्र प्रभारी व संयोजक/ समन्वयक होगा। वह राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला में तैनात होगा/होगी तथा कौशल प्रयोगशालाओं के सुगम प्रचालन हेतु समग्र नेतृत्व, तकनीकी मार्गदर्शन तथा प्रशासनिक पर्यवेक्षण प्रदानगी हेतु जिम्मेदार होगा/होगी।

**वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपायुक्त** (मातृत्व स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को रिपोर्ट करेगा।

**भूमिका और जिम्मेदारियां:**

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी राष्ट्रीय नेशल प्रयोगशाला निम्नलिखित हेतु जिम्मेदार होगा:

**समग्र नेतृत्व एवं समन्वयन:**

- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं हेतु नेतृत्व प्रदानगी तथा उनका प्रभावी प्रचालन सुनिश्चित करना।
- कौशल प्रयोगशालाओं के उपयुक्त उपयोग हेतु एमएच प्रभाग स्वा.एवं.परि.कल्या.मंत्रा. का संबंधित संस्थानों तथा राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित करना जहां राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है।
- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के लिए वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करने के लिए संस्थान के प्रमुखों तथा राज्य सरकार अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करना।
- निगरानी और सहायक पर्यवेक्षकीय दौरों की योजना की तैयारी के लिए सांस्थानिक प्रमुखों और प्रयोगशाला प्रशिक्षकों के साथ मिलकर कार्य करना।
- प्रगति, प्रचालन चुनौतियों की समीक्षा तथा भावी कदमों पर विचार-विमर्श हेतु तिमाही आधार पर सभी प्रमुख हितधारकों/ राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला तकनीकी सलाहकारी समूह की नियमित बैठक आयोजित करना।
- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के अंत: विषय उपयोग को प्रोत्साहित करना और योजना बनाना।

**प्रशिक्षण:**

- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में 6 दिवसीय/ दक्ष प्रशिक्षणों के लिए प्रतिभागिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के सहयोगियों के साथ समन्वय।
- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में दक्ष प्रशिक्षण अथवा उन्नत कौशल प्रशिक्षण के दौरान संसाधन व्यक्ति के रुप में कार्य करना।
- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण गुणवत्ता आश्वासन निष्पादन और भारत सरकार नवाचार का अनुपालन सुनिश्चित करना।

**रिपोर्टिंग और रिकॉड रखना:**

- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में डाटाबेस (प्रापण, प्रशिक्षण अनुसूची, प्रशिक्षण डाटाबेस, निगरानी दौरे आदि) के रखरखाव पर निगरानी तथा नियमित उन्नयन।
- प्री-पोस्ट कौशल तथा प्रशिक्षण के दौरान ज्ञान मूल्यांकन एसएसवी के दौरान कौशल मूल्यांकन प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यबल का अनुपात, प्रशिक्षित एचआर के तैनाती स्वरुप सहित डाटा सग्रहण व विश्लेषण का पर्यवेक्षण तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु एमएच प्रभाग एमओएचएफडब्ल्यू तथा मुख्य राज्य आधिकारियों के साथ शीर्ष के परिणामों को साझा करना।
- एमएच प्रभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सभी राष्ट्रीय प्रयोगशाला से प्रगति रिपोर्ट, प्रशिक्षण रिपोर्ट व डाटा की यथा समय प्रस्तुती सुनिश्चित करना।
- सभी राष्ट्रीय प्रयोगशाला में वस्तुसूची व वित्तीय रिकार्डों का रखरखाव, पर्यवेक्षण व नियमित उन्नयन।

**तकनीकी:**

- एमएच प्रभाग के परामर्श से प्रशिक्षण समय सारणी तथा दक्ष अध्ययन संसाधन पैकेज की आवधिक समीक्षा और संदर्भानुसार आवश्यक संशोधन।
- कौशल प्रयोगशालाओं की स्थापना और प्रचालन हेतु विशेषत: उच्च फॉकस राज्यों के तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- परिकल्पना नोट और एम & ई कार्यढांचे का निर्धारण और तैयारी।

**प्रशासनिक:**

- अनुदान सहायता मांग हेतु राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के लिए वार्षिक बजट तैयार करना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ साझा करना।
- प्रयोगशाला स्वच्छता मानकों की निगरानी और सुनिश्चित करना उपकरण अनुरक्षण, आवश्यकतानुसार मरम्मत व प्रतिस्थापन प्रदान करना।
- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला के लिए उपभोग्यों की यथा समय खरीद व नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना।

**पर्यवेक्षकीय:**

- संबंधित संस्थानों के प्रमुखों के साथ दक्ष प्रयोगशाला प्रशिक्षकों के लिए सह-पर्यवेक्षक के रुप में काम करना।
- दक्ष कौशल प्रयोगशाला प्रशिक्षकों की अध्ययन/ प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचानना तथा उनके पुनश्चर्या प्रशिक्षण हेतु अवसर तैयार करना।

**आयु सीमा:** 50 वर्ष से कम। योग्य अभ्यर्थी हेतु आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।

**योग्यता और कौशल:**

- प्रसूति और स्त्रीरोग में स्नातकोत्तर उपाधि सहित एमबीबीएस।
- आरएमएनसीएच + ए कार्यक्रम में 7-8 वर्ष का कार्य अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रणाली और एनएचएम वित्तीय प्रबंधन प्रणाली का पर्याप्त ज्ञान।
- कौशल प्रयोगशाला में पिछला कार्य अनुभव वांछनीय।

- हितधारकों के साथ कार्य अनुभव वांछनीय।
- उत्कृष्ठ समन्वयन, संप्रेषण, सामान्य निवारण तथा विश्लेषणात्मक कौशल।
- एमएस ऑफिस में अच्छा ज्ञान (वर्ड, एक्सल, पावर पांइट व एक्केसस)

  *** चिकित्सा परिषद की पंजीकरण आवश्यकताओं को पूरा करना।**

**अनिवार्य अनुभव :** मातृत्व व नवजात स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सकीय अनुभव।

**वांछनीय अनुभव:** आरएमएनसीएच + ए कार्यक्रम में तकनीकी सहायता/ परामर्श प्रदान करने का अनुभव।

**संप्रेषण कौशल:** अच्छा अंत: वैयक्तिक कौशल, संप्रेषण तथा प्रशिक्षित प्रभावकारिता की क्षमता सहित विश्वस्त संप्रेषक अच्छा सुविधाजन्य व शिक्षण कौशल, टीम सदस्य के रुप में कार्य करने की क्षमता, उत्कृष्ठ समय प्रबंधन और प्रचालन कौशल, सरकारी स्थापना कार्य में दृढ़ प्रेरणा, हिंदी व अंग्रेजी में लिखित व मौखिक संप्रेषण कौशल, राष्ट्रीय कार्यक्रम दल में कार्य करने की तथा टीम सदस्यों के रुप में नियमित संप्रेषण की योग्यता।

**कम्प्यूटर कौशल:** एमएस वर्ड, एक्सल और पावर प्वाइंट प्रस्तुति सहित एमएस ऑफिस में निपुणता, आधारभूत डाटाबेस रखने की योग्यता।

**पारिश्रमिक श्रेणी:** रु. 1,20,000/- से रु. 1,50,000/- प्रति माह

**नियुक्ति की प्रकृति:**

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी की नियुक्ति आरंभिक चरण में एक वर्ष की अवधि हेतु संविदात्मक आधार पर होगी तथा निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाई जाएगी। तिमाई आधार पर नियमित मूल्यांकन।

**छुट्टियां:**

प्रति वर्ष 12 दिन की चिकित्सा अवकाश। तीन दिन से अधिक के अवकाश पर डाक्टर से प्रमाण-पत्र लेकर दिया जाना होगा।

15 दिन की वार्षिक गैर-संचयी, गैर-नकदीय अवकाश।

**यात्रा:** पदधारी को रोजगार काल के दौरान 30% अवधि में यात्रा ही करना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **06-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य** भेज दे। केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।